हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
26 जनवरी 2026, बरेली



# एसआरएमएस व आईके कलेक्शन ने जीता मैच

बरेली। सातवीं शकुंतला देवी मेमोरियल बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के तीसरे दिन रविवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला एसआरएमएस व ओसिस क्रिकेट क्लब के बीच हुआ।

टॉस जीतकर एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रिकॉर्ड 326 रन तीन विकेट खोकर बनाए। यशु प्रधान ने 150 रन की पारी मात्र 45 गेंदों पर खेली। उनके ओपनर साथी शारून खान ने ताबड़तोड़ 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसिस की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। दूसरा मुकाबला आईके कलेक्शन व एएनए हॉस्पिटल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एएनए हॉस्पिटल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके कलेक्शन ने 15.3 ओवरो में पांच विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि सोमवार को पहला मैच जीएसटी 11 व जीपी क्रिकेट अकादमी और दूसरा मैच आईके नेक्स्ट जेन व आरसीसी के बीच खेला जाएगा।